हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 जून 2024

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 जुलाना की सड़कें 9.25 करोड़ से होंगी चकाचक



10 अंडरपास शहर के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगा : महाबीर



## खबर संक्षेप

### दो किलोग्राम गांजा पत्ति के साथ बाइक सवार काबू

**जींद।** सब्जी मंडी के गेट नबर तीन पर सीआईए स्टाफ ने बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर दो किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। थाना पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कुदन सिनेमा के निकट रहने वाला प्रदीप नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक स्थगित

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि 28 जून दोपहर 12:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जानी थी जो किसी कारण से आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी है। अगली तिथि तीय होते ही समिति के सदस्यों, परिवादियों व अधिकारियों को इस बारे अवगत करवा दिया जाएगा।

### पिता को हादसे में घायल बता बीस हजार का चूना

**जींद।** पिता के सड़क हादसे मे बता इलाज के नाम पर बीस हजार रूपये की धोखाधडी का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भूपेद्र नगर निवासी सदीप ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### बाइक बेचने के नाम पर 77320 रुपये ठगे

**कैथल।** ओएलएक्स पर बाइक बेचने के नाम पर एक आरोपी ने एक युवक से 77 हजार 320 रुपये ठग लिए। पूंडरी निवासी बलदेव भट्ट ने साइबर थाना में शिकायत दी कि 30-अप्रैल को ओएलएक्स पर एक मोटरसाइकिल का विज्ञापन देखा। उसने दिए गए नंबर पर कॉल किया तो आरोपी ने कहा कि वह ईश्वर चंद फौजी बोल रहा है और कलायत का रहने वाला है।

### पशुपालक क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाएं

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाने की अपील की है। कहा है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना किसानों की आमदनी बढ़ाने में बहुत कारगर है। बताया कि जिला के किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सरकार द्वारा किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है।

### 315 बोर देसी पिस्तौल सहित आरोपित दबोचा

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना पुंडरी क्षेत्र से एक आरोपी को काबु किया गया है। जिसके कब्जे से एक 315 बोर देसी पिस्तौल बरामद हुआ।

### अश्लील हरकत करने का विरोध करने पर दी धमकी

**जींद।** अनाज मडी मे महिला से अश् तथा विरोध करने पर धमकी देने पर महिला थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलत सिरसा निवासी एक महिला ने पुलिस दी शिकायत बताया की वह कार्यवश अनाज मडी मे आई हुई थी। उसी दौरान अर्बन इस्टेट निवासी मनीष ने उसके साथ अश्लील हरकत की।

### घर से नकदी-आभूषण चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** घर से फोन, नकदी व आभूषण चोरी के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एचसी बलजोर की टीम ने आरोपी गांव फतेहपुर निवासी सोनु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शामदो हाल महादेव कॉलोनी कैथल निवासी अकुंश ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### जींद में 15 लाख की आबादी वाले जिले में महज एक बची रैफरल सेवा की एटीएस गाडी

# गंभीर मरीजों को जिंदगी दे रही एक एटीएस गाडी

### चालक, ईएमटी के पद खाली तो ,बायोमैट्रिक खराब, तथा जीपीएस भी नहीं मिले काम करते दो गाडियों के सीसीटीवी भी मिले खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फलाइग ने वीरवार को नागरिक हस्पताल की रैफरल सेवा का औचक निरीक्षण किया। रैफरल सेवा के बेडे में 31 गाडियों में से महज एक एडवास लाइफ स्पोर्टिंग सिस्टम की एक गाडी मिली। जबकि वर्ष 2018 मे छह एटीएस गाडियां थी। रैफरल सेवा के 13 चालक पद खाली मिले तो ईएमटी के भी 13 पद खाली मिले। 11 एंबलैंस मे जीपीएस सिस्टम काम करता नही मिला। दो गाडियों के सीसीटीवी कैमरे भी खराब तो 13 गाडियो की बायो मैट्रिक खराब मिली। हैरानी बात यह है कि लगभग 15 लाख आबादी वाले जिले में महज एक एटीएस गाडी है। जबकि दर्जन भर से ज्यादा मरीज हर रोज रैफर होते है। टीम ने निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट बना मुख्यालय को भेज दी। आगामी कार्रवाई स्वास्थय विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।

### सीएम फलाइंग ने किया निरीक्षण तो रैफरल सेवा की खामिया आई सामने



जींद। सीएम फलाईंग टीम एंबुलेंस की जांच करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। सीएम फलाईंग टीम रिकार्ड की जांच करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

#### रिपोर्ट मुख्यालय भेजी

सीएम फलाइग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया की नागरिक हस्पताल की रैफरल सेवा का औचक निरीक्षण किया गया था। जो खामिया मिली है। उनकी रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दिया है। आगामी कार्रवाई स्वास्थय विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।

सीएम फलाइग को सूचना मिली थी कि नागरिक हस्पताल की रैफरल सेवा का लोगो को उतना लाभ नही मिल रहा है। जितना मिलना चाहिए। जिसके आधार पर सब इन्सपेक्टर बिजेद्र के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। जिसमे एएसआई कर्मबीर तथा सिपाही विक्रम का भी शामिल किया गया। इसके इलावा कार्रवाई मे नागरिक हस्पताल के रैफरल सेवा के नोडल अधिकारी डा.रवि राणा भी शामिल हुए। हाजरी रजिटर जांचने पर सभी कर्मी हाजिर पाए गए। 31 मे से 30 गाडिया एक मौके पर पाई गई। एक गाडी सीआरएसयू मे ड्यूटी पर मिली। टीम ने जब रिकार्ड को खगाला तो एक जनवरी से अब तक 11515 मरीजो को लाभ मिलना पाया गया। टीम ने फोन कर सेवा ले चूके लोगो से फीड बैक भी लिया। कार्य सतोषजनक पाया गया। गाडियो के हिसाब से 87 चालक होने चाहिए, जबकि ड्यूटी 74 बजा रहे है। 13 पद चालक के खाली पाए गए। ईएमटी की 36 पोस्ट है। जबकि ड्यूटी 24 कर रहे है। 12 पोस्ट खाली पाई गई। 11 गाडियो में जीपीएस काम करता नही पाया गया। 13 गाडियो की बायोमट्रिक भी खराब पाई गई। दो गाडियो में कैमरे भी खराब पाए गए। गाडियो की फिटनैस, बीमा से सबधित सभी दस्तावेज पूरे पाए गए।

#### अब बेडे में सिर्फ एक एटीएस गाडी

नागरिक हस्पताल के रैफरल सेवा के बेडे मे 31 गाडियो में 30 वर्किग में है। जिसमे एक कडम हो चूकी है। वर्ष 2018 मे छह एटीएस गाडिया मिली थी। जिसमे पर पांच वैटिलेटर खराब होने के कारण महज अब बेडे मे सिर्फ एक एटीएस गाडी बची है। पांच गाडियो की बीएलएस मे बदल दिया गया है। अब बेडे मे एक एटीएस, दस बीएलएस , 17 पीटीई, दो किलकारी, तीन एमएमयू गाडियो है। एमएमयू दो जिला मुख्यालय तथा एक उचाना मे डयूटीरत है। सीएम फलाइग ने जाच के बाद विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी गई।



कैथल । नागरिक अस्पताल में एंबूलेंस की जांच करते सीएम फलाइंग टीम।

### कैथलः सीएम फ्लाइंग ने एंबुलेंस से जुड़ी हर एक जानकारी का रिकॉर्ड खंगाला

**कैथल।** गुरुवार सुबह-सुबह नागरिक अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की। छापेमारी की सूचना मिलते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया और डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल में पहुंच गए। मौके पर पहुंचते ही टीम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए। साथ ही हाजिरी रजिस्टर को भी अपने कब्जे में ले लिया और रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया। सीएम फ्लाइंग जींद के सब इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में सुबह साढ़े नौ बजे टीम ने जिला नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस की जांच की। टीम को एंबुलेंस के समय पर न पहुंचने समेत कई शिकायतें मिल रही थीं। जिसके चलते प्रदेश के कई जिलों में एक साथ सीएम फ्लाइंग ने रेड की। पिछले कई दिनों से एंबुलेंस सेवाओं संबंधी शिकायत सीएम नायब सैनी के पास पहुंची थी। इसके बाद टीम ने जींद, करनाल और कैथल में छापेमारी की है। टीम ने यह भी जांच की जा रही है कि किस तारीख को कहां पर कितनी एम्बुलेंस गई। जानकारी के अनुसार टीम यह भी रिकॉर्ड खंगाल रही है कि जिले में कुल कितनी एम्बुलेंस हैं, कितनी एम्बुलेंस खराब हैं और कितनी ठीक है। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों में एम्बुलेंस के लिए कितनी काल आई और उसके बाद कहां-कहां एम्बुलेंस भेजी गई, इसका सारा रिकार्ड टीम ने जांचा जा रहा है। एंबुलेंस कंट्रोल रूम नोडल ऑफिसर डॉ.आदित्या गोयल ने बताया कि कैथल के नागरिक अस्पताल में सीएम फ्लाइंग पहुंची है, जिन्होंने सरकार के द्वारा संचालित नागरिकों की सुविधा के लिए चलाई एंबुलेंस की फीजिबिलिटी चेक की और उसके अंदर रखे गए उपकरण की जांच की ताकि लोगों को कोई दिक्कत ना आए और साथ ही कंट्रोल रूम में रखे गए रिकॉर्ड की भी चेकिंग की गई। टीम के सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि टीम द्वारा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। जांच के दौरान जो भी खामियां पाई जाती है। उसका रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय अधिकारियों के पास भेज दी जाएगी।

## निकासी न होने से घरों में घुसा दूषित पानी

■ गलियों से निकलना मुश्किल, लोगों को सता रहा बीमारी फैलने का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के वार्ड नंबर 13 में पानी की निकासी न होने के कारण घरों में घुस रहा है गंदा पानी। वार्ड वासी गली में गंदे पानी से निकलने पर मजबूर हो रहे हैं गंदे पानी के कारण मच्छरों से बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इस बारे पूर्व सरपंच पवन जैलदार, मदन राणा, सोनू राणा, एस कुमार, दुर्गा राणा, ज्ञान चंद राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्ड में नगर पालिका आने के बाद जो भी विकास हो रहा है वह अपनी आंखों से आप खुद देख सकते हैं। वार्ड में रहना बड़ा मुश्किल हो रहा। इतना पानी है कि एक कदम भी निकला नहीं जा सकता। पिछले लंबे समय से लोग परेशान है लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इससे लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच चुका। अगर जल्दी ही समाधान नहीं हुआ तो लोग सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे जो प्रशासन की जिमेदारी होगी।



राजौंद। वार्ड नंबर 13 गली में भरा पानी का दृश्य। *फोटो :हरिभूमि*

## लोगों की लापरवाही से जनस्वास्थ्य विभाग परेशान

### सफाई के दौरान मैनहाल से मिल रहे ईंट पत्थर और पॉलिथीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

कस्बे के कैनाल रोड़ पर सीवर मेंनहाल सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में ईंट, पत्थर के अलावा पोलिथीन बाहर निकाले जा रहे है। जानकारी देते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नवीन कुमार मुंडे ने कहा कि शहर में जगह-जगह पर मेंनहाल की सफाई करते समय काफी मात्रा में पोलिथीन बाहर निकलते हैं उसके साथ ही ईंट पत्थर भी मौजूद होते हैं जिसकी वजह से सीवरेज व्यवस्था चरमरा जाती है और लोग काफी संख्या में जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में पहुंच जाते हैं और अपनी गलती की और ध्यान देने की बजाय सारा दोष जनस्वास्थ्य विभाग पर थोपने का काम करते हैं और कुछ लोगों की गलती की सजा सभी नागरिकों को भुगतनी पड़ती है। जहां पर घरों में भैंसों की डेयरी बनाई हुई है वहां तो और भी बुरा हाल है वहां पर सीवर गोबर की वजह से बंद हो जातें हैं और तो और काफी मात्रा में भैंसों की जेर भी सीवर मेंनहाल में सफाई के समय मिलतीं है।



#### कचरा गाड़ी में ही डाले

सफाई कर्मी भी बहुत परेशान होते हैं उसकी बदबू की वजह से उन्हें परेशान होना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी शहरवासियों से अपील है कि वो मकान बनाते व मरम्मत कार्य करवाते समय ध्यान रखें कि कचरा सीवर मेंनहाल में डालने की बजाय अपने कचरे को उठवाने का कष्ट करें, जिससे शहरवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े, क्योंकि आगे बरसात का मौसम आ रहा जिसमें यह समस्या और बढ़ जाती है। यह भी ध्यान रखें कि पोलीथीन व अन्य कचरा घर के आगे कचरे की गाड़ी में डालने का काम करें।

## जींद : ट्रैक्टर-ट्रोली से टकराई बाइक एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव नगूरा के निकट बीती रात बाइक सडक पर खडी लकड़ो से भरी ट्रैक्टर -ट्राली से जा टकराई। जिसमे बाइक सवार कैमिस्ट की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के परिजनो की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाव खांडा निवासी महाबीर 29 कैमिस्ट की दुकान चलाता था। बीती रात वह गाव गोहिया निवासी पहलवान के साथ बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। गाव नगूरा के निकट बिना ईडीकेटर सडक पर खडी लकडो से भरे ट्रैक्टर ट्राली से उनकी बाइक जा टकराई। जिसमे दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो ने दोनो को नागरिक हस्पताल पहुचाया। जहा चिकित्सको ने महाबीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि पहलवान की गभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुच गई ओर हालातो का जायजा लिया। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के परिजनो की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आबादकार पट्टेदार संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर वीरवार को जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार से मिला तथा उन्हें ज्ञापन सौपा। ज्ञापन से पट्टदारों ने मांग की की पूर्व सरकार ने 3 जनवरी 2008 28 नवंबर 2010 तथा 13 दिसंबर 2013 को तीन अधिसूचना जारी कर 99 वर्षीय जमीन का आविष्कार पाटीदार को पट्टे पर देने का प्रावधान किया गया लेकिन आज तक एक भी किसान को पट्टा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार की कैबिनेट मीटिंग में मलिकाना हक का कानून पास कर दिया गया था लेकिन आज तक सरकार द्वारा इसका नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पट्टेदारों को राहत देने हेतु यह नोटिफिकेशन जल्द से जल्द लागू किया जाए। इसके साथ ही आबादकर पट्टेदारों को प्रधानमंत्री सम्मान योजना, बिजली कनेक्शन, फसल बीमा योजना, सरकारी बैंकों में फसली ऋण सहित सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। करमचंद, बलकार सिंह, निशांत सिंह, कृपाल, ज्ञान सिंह, होशियार सिंह, सतपाल सिंह, त्रिलोक सिंह, बलबीर सिंह, लखविंदर सिंह मौजूद रहे।



डीसी से मिलने पहुंचा आबादकार पट्टेदार संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल।



राजौंद। खेड़ी राय वाली में मनरेगा के तहत नहर पर कार्य करते नरेगा मजदूर।

#### माइनर पर चलाया सफाई कार्य

**राजौंद।** गांव खेड़ी राय वाली में मनरेगा मजदूरों को नरवल माईनर पर मिला 7 दिनों का कार्य। इस बारे जानकारी देते हुए मेट राकेश कुमार ने बताया कि गांव खेड़ी राय वाली के मनरेगा मजदूरों को सरकार की ओर से मनरेगा का कार्य दिलवाया गया। उन्होंने बताया कि ब्लाक के कई गांवों में मनरेगा के तहत काम प्रारंभ हो चुके हैं। जिससे मजदूरों में भी खुशी है। उसने बताया कि खेड़ी राय वाली में नहर सफाई का कार्य नरवल माईनर पर शुरू किया हुआ है,जिससे करीब 50 मजदूरों को खाली समय में कार्य मिला हैं। ग्राम मेट राकेश ने बताया कि सभी मनरेगा मजदूर कार्य को पाकर खुश किसी मजदूर कोई शिकायत नहीं की है हर मजदूर को काम दिया गया। उसने बताया कि काफी समय बाद गांव के मजदूरों को मनरेगा में काम मिला है। यह काम मजदूरों की आर्थिक हालत में काफी सुधार लाएगा। इस दौरान प्रताप राणा व सोनू कुमार ने मनरेगा मजदूरों की चेकिंग की। प्रीति ,कुलवंत कौर, अनिता आदि मौजूद रही।

ेल हरकत करन

### घर पर बधाई देने वालों का लगा तांता, परिजनों ने जताई खुशी

# सफीदों का सिद्धार्थ वायुसेना में फाइटर पायलट बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर की मॉडर्न कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ नेहरा ने भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। उसकी इस उपलब्धि पर सफीदों क्षेत्र में खुशी की लहर है और उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सिद्धार्थ की इस उपलब्धि ने अपने माता-पिता, परिजनों व सफीदों क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिद्धार्थ नेहरा के फाइटर पायलट बनने पर सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों एडवोकेट जगबीर मलिक, डा. नरेश वर्मा, राजेंद्र सिंगरोहा व जगदीप जोगी ने उनके निवास पर पहुंचकर बधाई दी। सफीदों क्षेत्र में सिद्धार्थ नेहरा पहले ऐसे युवा है जिन्होंने वायु सेवा में लड़ाकू जहाज में फाइटर पायलट का पद हासिल किया है। पत्रकारों से बातचीत में पायलट सिद्धार्थ नेहरा ने बताया कि उन्होंने पहले एनडीए की परीक्षा पास की। उसके बाद एक साल तक एयर फोर्स एकेडमी में ट्रेनिंग लेने के बाद 15 जून को लड़ाकू विमान पर कार्यभार संभाल लिया है।

सिद्धार्थ नेहरा के पिता प्रोफेसर नफे सिंह का कहना है कि उन्हे अपने बेटे पर नाज है। उनका बेटा शुरू से ही पढ़ाई में होशियार था और उसका सपना था कि वह एक दिन भारतीय वायुसेना में पायलट बने। आज यह सपना पूरा हो चुका है। उन्होंने भी सिद्धार्थ को आगे बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और उसे बढ़िया पढ़ाई के माहौल में दीक्षित किया। फिलहाल सिद्धार्थ की ड्यूटी कर्नाटका में लगी है। सफीदों क्षेत्र में सिद्धार्थ ऐसा पहला युवा है जिसने वायुसेना में लड़ाकू जहाजों में फाइटर पायलट का पद प्राप्त किया है। नवनियुक्त पायलट सिद्धार्थ नेहरा ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसको प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें।



सफीदों। अपने माता-पिता के साथ नवनियुक्त पायलट सिद्धार्थ नेहरा।

## अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएशन में दाखिले के लिए सात तक आवेदन

■ 10 से 12 जुलाई तक एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि छात्रों में एडमिशन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। छात्रों के उत्साह को देखते दाखिले की तिथि को बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज ने दाखिले की अंतिम तिथि 26 जून से बढ़ाकर सात जुलाई तक कर दी गई है। सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय में शुरू किए गए हैं। विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में महिला छात्रों की संख्या के लगातार उछाल आ रहा है और हमारी बेटियां सिर्फ एजुकेशन की तरफ ही आगे नहीं बढ़ रही है बल्कि एजुकेशन के जरिए अपने सपनों को भी पूरा कर रहे है उन्होंने कहा की पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्सेज के लिए सात जुलाई तक आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 से 12 जुलाई तक एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। 15 जुलाई 2024 को एंट्रेंस टेस्ट का परिणाम जारी किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### ट्यूबवैलो की कीमती केबल चोरी, केस दर्ज

**जीद।** गाव बडौदा खेतो से बीती रात चोरो ने सात किसानो के ट्यूबवैलो से कीमती केबलो को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाव बडौदा निवासी किसान सुरेद्र नें पुलिस को दी शिकायत मे बताया की बीती रात चोरो ने उसके खेत मे लगे टयबवैल से कीमती केबल को चोरी कर लिया।

### मोबाइल चोरी मामला दर्ज

**जीद।** गांव धमतान साहिब में चार्जिग पर मोबाइल फोन को चोरी करने पर गढी थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गाव धमतान साहिब निवासी अकित ने पुलिस को दो शिकायत मे बताया की बीती रात वह अपना मोबाइल फोन चार्जिग पर लगा कर सोया था। जो सुबह गायब मिला। अकित ने आरोप लगाया की गाव के साहिल ने चोरी किया है।

### विशाल मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर 30 को

**उचाना।** लायंस क्लब इंटरनेशनल उचाना की बैठक रजबाहा रोड़ स्थिति ऑफिस में हुई। अध्यक्षता प्रधान रमेश गर्ग ने की। मुख्य तौर रिजनल चेयरमैन वीरेंद्र प्रधान पहुंचे। 30 जून को रेलवे स्टेशन के लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में विशाल मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन करने का फैसला लिया। वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर सात डॉक्टरों की टीम पहुंचेंगी।

### संस्कृत संस्थानों को सरकार देगी वित्तीय सहायता

**जींद ।** हरियाणा सरकार द्वारा संस्कृत संस्थानों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के गुरुकुल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर संस्कृत संस्थानों को हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि गुरुकुल शिक्षा भारतीय संस्कृति का हिस्सा रही है।

### रुपये ऐंठने का आरोप अज्ञात के खिलाफ केस

**जीद।** फर्जी इंस्टा तथा फेसबुक अकाउट बना कर जानकारों से रुपये ऐंठने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ धोखाधडी, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सैक्टर 11 निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की वह रैस्टोरेंट चलता है। इसके इलावा सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहता है।

### भाग्य से उम्मीद करने की बजाए कर्म करें

**उचाना।** तेरापंथ उचाना मंडी में विराजमान ठाणे-3 साध्वी तिलक श्री के सान्निध्य में धर्मसभा आयोजित हो रही है। धर्म सभा में साध्वी महिमा श्री ने कहा कि भाग्य से जितनी उम्मीद करोंगे वो उतना ही निराश करेगा। कर्म पे जितना जोर दोगे वो हमेशा उम्मीद से भी 'यादा देगा। जीवन में कभी भाग्य के सहारे नहीं रहना चाहिए। कर्म करना चाहिए क्योंकि कर्म करके ही हम कुछ पा सकते है ।

### कर्मों के अनुसार मिलता है फलः रामनिवास

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान पण्डित रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर गायत्री यज्ञ के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परमात्मा का वास संसार के जर्रे जर्रे में है इसलिए उस से दुनिया की कोई भी बात छिपी नहीं सकती। हम जैसे भी भले- बुरे कर्म करते हैं हमारे बुद्धि-चित अहंकार के सुक्ष्म शरीर में दर्ज होते रहते हैं।

### महिला व युवती लापता, केस दर्ज

**जीद।** जिले मे अलग अलग स्थानो से युवती तथा महिला के गायब होने पर सबधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए है। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई।

---

## सिविल अस्पताल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा बैठक

# लिंगानुपात में सुधार के लिए विभाग ठोस कार्रवाई अमल में लाएं : गुप्ता

**बैठक की अध्यक्षता करते उषा गुप्ता ने वर्ष 2015 से अभी तक की जिला जींद के लिंगानुपात की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्य स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान की सलाहकार डॉ उषा गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय सिविल सर्जन कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. गोपाल गोयल, उप सिविल सर्जन पीएनडीटी डॉ. पालेराम, महिला बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्त्रम अधिकारी सलोचना कुंडू और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उषा गुप्ता ने वर्ष 2015 से अभी तक की जिला जींद के लिंगानुपात की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि 2018 से 2023 तक जिला जींद का लिंगानुपात 900 से ऊपर रहा हैं लेकिन 2024 में लिंगानुपात में काफी गिरावट आई है, इसमें सुधार होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग पुलिस को आपसी तालमेल बनाकर काम करना होगा। इसके अलावा सभी विभागों की हर महीने संयुक्त रूप से मीटिंग होनी चाहिए।

महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि आपके विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए निरंतर अभियान चलाना चाहिए। सिविल सर्जन को सभी ब्लाक स्तर व ग्रामीण स्तर पर भी स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मासिक मीटिंग लिए जाने के निर्देश दिए, जिसमे कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने का प्रयास करना चाहिए। ग्राम स्तर तक का लिंगानुपात का रिकॉर्ड तैयार करके उस एरिया की आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्कर को मॉनिटरिंग रिकॉर्ड दिए जाए। जिला जींद को पीएनडीटी व एमटीपी की छापेमारी अभियान को बढ़ते हुए गैर कानूनी गर्भपात व लिंग जाँच के दोषियो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाए।

यदि किसी केस में दोषी के खिलाफ पुलिस कार्यवाही में कमी नजर आती है तो इस विषय की पुलिस अधीक्षक को तुरंत सूचना देते हुए इस पर आवश्यक कार्यवाही अमल लाए। जिन गांव में लिंगानुपात काफी कम है, वहां पर लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान में शामिल करने के लिए सलोग्न प्रतियोगिता या विशिष्ट व्यक्तिओं महिला खिलाड़ियों का भाषण आदि प्रोग्राम का आयोजन करना चाहिए। आरसीएच पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें तथा इस पोर्टल के माध्यम से रिपोर्ट तैयार करें, जो गर्भवती के पहले कितने लडकियां तथा लड़के हैं, जिससे अधिक लड़कियों वाली गर्भवती महिला को ट्रैक पर रखा जा सके। आरसीएच पोर्टल के साथ आशा वर्कर के रजिस्टर से भी रिपोर्ट तैयार करें कि जो गर्भवती महिला के पहले कितने लडकियां तथा लड़के है , जिससे अधिक लडकियों वाली गर्भवती महिला को ट्रैक रखा जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारी को भी बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान में शामिल करें। स्कूल स्तर पर भाषण , ड्राइंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएं, जिससे इस स्तर के बच्चे समाज में कन्या भ्रूण हत्या जैसे बुराईयों को समझ सके ।



जींद। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाया गया सैल्फी प्वाईंट।

### सरकारी अस्पताल में जन्म-मृत्यु 100 प्रतिशत

लिंगानुपात में जन्म मृत्यु पंजीकरण एक विशेष महत्व रखता है, यदि जन्म मृत्यु पंजीकरण में खामियां है तो पुरे जिला का लिंगानुपात गिर जाता है। अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में जन्म मृत्यु का कार्य लगभग 100 प्रतिशत है , प्राइवेट अस्पताल में होने वाले जन्म मृत्यु का पंजीकरण में सुधार की आवश्यकता है, अतरू प्रत्येक माह मीटिंग में जिला नगर निगम से सम्बन्धित कर्मचारी को शामिल करें ताकि प्राइवेट अस्पताल में जन्म मृत्यु का कार्य भी 100 प्रतिशत किया जा सके। पीएनडीटी के तहत पंजीकरण संस्थाओ पर पीएनडीटी के नियमो का पालन हो रहा है, इसके बारे में उनका समय पर निरीक्षण करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कोई ऐसा संस्थान तो नही है जिसका पंजीकरण नही है और वह फिर भी पीएनडीटी के तहत आने वाली मशीनों को रखे हुए है या उनका इस्तमाल कर रहा है। एमटीपी संस्थाओं की रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि जो महिलाएं पंजीकृत केन्द्रों पर गर्भपात हेतु आती हैं, उनकी हिस्टरी जानने का प्रयास करें कि उनके पहले कितने बच्चे हैं तथा क्या उस महिला द्वारा कहीं और से भी गर्भपात हेतु दवाई खायी है। पीएनडीटी के रिपोर्टिंग फॉर्मेट में भी बर्थ आर्डर का कॉलम बनाएं जिसमें गर्भवती महिला के पहले कितने लड़का या लड़की हैं। इस बारे में जानकरी हर सीएचसी तक भी रहे तथा सीएचसी अधिकारी भी उनके क्षेत्र के लिए जिम्मेदार होंगे।


जींद। महाबीर कम्पयूटर का स्वागत करते व्यापारी।

## अंडरपास शहर के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगा : महाबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के जिला प्रधान महाबीर कम्प्यूटर का व्यापारियों ने फूलमालाओं से किया जोरदार स्वागत। इस अवसर पर जिला प्रधान महाबीर कम्प्यूटर ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सिटी रेलवे फाटक पर बार्डर जैसे बने हालात समाप्त हो जायेगें और शहर की गम्भीर समस्या का निदान हो जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने व्यापारिक संगठन, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन तथा किसान संगठन का भी सहयोग देने में धन्यवाद किया है। इस अंडरपास के निर्माण से शहर को नई सौगात मिली है और यह अंडरपास शहर के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगा और रास्ता बंद होने से पैदल यात्रियों, दोपहिया वाहन चालकों, ई-रिक्शा चालकों व रेहड़ी चालकों, श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों पर जाने में सुविधा मिलेगी। जो आने-जाने में परेशानियां थी वह भी खत्म हो जाएगी। महाबीर कम्प्यूटर ने कहा कि रेलवे विभाग द्वारा छोटे अण्डरपास बनाने फैसला बडा ही ऐतिहासिक कदम है, ये पूरे देश में एकमात्र ऐसा मामला है। इसके साथ कालोनीवासियों ने भी काफी खुशियां मनाई है। महाबीर कम्प्यूटर ने जीन्द प्रशासन व रेलवे विभाग का भी आभार प्रकट किया हैं। उन्होंने कहा कि इस फाटक के पास शमशान भूमि लगती है जिसमें जीन्द शहर के 80 प्रतिशत लोग दाह-संस्कार के लिए आते हैं। अर्थी गुजरने में भी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर शहर की कई व्यापारियों ने जिला प्रधान महाबीर कम्प्यूटर का धन्यवाद करते हुए कहा कि व्यापार मण्डल महाबीर कम्प्यूटर के नेतृत्व में जो भी आंदोलन किया है उसमें जीत हुई है। महाबीर कम्प्यूटर आंदोलन में कडी मेहनत करते हैं, जब तक आंदोलन को जीत नहीं लेते तथा व्यापारियों की समस्या का निदान नहीं जो जाता तब तक राहत की सांस नहीं लेते। लोकसभा चुनाव में अण्डरपास निर्माण में विलंब हो गया था।

---

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्य गंभीरता से करें बीएलओ : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

एसडीएम मनीष फोगाट ने मतदान केंद्रों के रेशनेलाइजेशन और फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के संबंध में बीएलओज की एक लघु सचिवालय में ली। इस अवसर पर चुनाव कानूनगो नरेश कुमार भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में एसडीएम मनीष फोगाट ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वोट बनवाने का अवसर दिया जा रहा है जिसके तहत एक जुलाई 2024 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नई वोट बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले सभी बीएलओ आगामी 24 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की त्रुटि ठीक करेंगे।


सफीदों। बीएलओज की बैठक लेते हुए एसडीएम मनीष फोगाट।

### चार महिलाओं सहित 36 ने रक्तदान किया

**जींद।** नागरिक हस्पताल के ब्लड बैंक द्वारा विप्र फांउडेशन के सहयोग से जैन धर्मार्थ हस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय युवा अवार्डी दम्पति मंजू व सुभाष ढिगाना ने बताया की इस मौके पर पहली बार रक्तदान करने वाली महिलाओं को विषेष रूप से सम्मानित किया गया व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 4 महिलाओं सहित 36 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. गोपाल गोयल मुख्य अतिथि थे। जबकि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी माधुर्या तरफदार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्किटिंग बोर्ड के अधीक्षक अभियन्ता नवीन दहिया, मास्टर षिकांत शर्मा, नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी हरप्रीत मौजुद रहे। शिविर में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी माधुर्या तरफदार ने पहली बार, अनिता खटकड़ ने तीसरी बार, बबीता वर्मा ने पहली बार रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. गोपाल ने कहा कि रक्त का कोई दुसरा विकल्प नहीं है।

## रक्त के अभाव में जान न जाए : राजेश


- रक्तदान में सराहनीय योगदान के कारण पहला कदम फाउंडेशन सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व रक्तदाता दिवस पखवाड़ा समारोह जैन धर्मार्थ अस्पताल में आयोजित किया जिसमे रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले रक्तदाता व सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। 7 वर्षों से रक्तदान व सामाजिक गतिविधियों में श्रेष्ट कार्य करने पर ब्लड बैंक नागरिक अस्पताल जींद द्वारा पहला कदम फाउंडेशन को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी माधुर्य तरफदार व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ गोपाल गोयल, जिला युवा अधिकारी हरप्रीत सिंह, मार्किटिंग बोर्ड जींद व गुरुग्राम के एसई नवीन दहिया, मास्टर षि कान्त शर्मा प्रधान ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय रामराय, नेशनल यूथ अवार्डी सुभाष ढिगाना व राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश चौहान ने पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। राजेश ने सम्मान प्राप्त करने के बाद बताया कि आज भी बहुत सारे लोग रक्तदान करने से हिचकिचाते हैं मन में भ्रम बना है। परन्तु रक्तदान को जीवन का हिस्सा मानने वाले राजेश अब तक 38 बार रक्तदान कर व फाउंडेशन के माध्यम से कई बार रक्तदान शिविर करवाकर दिखा दिया।


जींद। राजेश वशिष्ठ को सममानित करते आयोजक।

---



जींद। आनलाइन कान्फ्रेंस में शामिल सदस्य।

### एचकेएमवी बना नैक परामर्शदाता केंद्र

**जींद।** उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार नैक से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद को नैक परामर्शदाता केंद्र बनाया गया है। इसके अधीन छोटू राम किसान कॉलेज, जींद व हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मध्य एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन वीरवार को किया गया। इस कांफ्रेंस का विषय अंडरस्टैंडिंग अपकमिंग चेंज बाइनरी एक्रीडिटेशन अंडर नैक रहा। इस कांफ्रेंस की अध्यक्षता हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने की तथा संयोजिका तथा सह-संयोजिका डॉक्टर गीता गुप्ता व डॉक्टर प्रियंका साहनी रही। डॉक्टर गीता गुप्ता व डॉक्टर प्रियंका साहनी ने पीपीटी के माध्यम से बाइनरी एक्रीडिटेशन के बारे में विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया।

## अवैध पेयजल कनेक्शन काटे

- गांव खापड ब्लॉक उचाना जींद में चलाया गया जल संरक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के गांव खापड में जल जीवन मिशन के तहत विभाग के उप मंडल अभियंता सुनीता, कनिष्ठ अभियंता नरेश जागलान, जिला सलाहकार रणधीर मताना व खंड समन्वयक कुशल शर्मा के नेतृत्व में जल संरक्षण अभियान चलाया गया। मौके पर दर्जनों अवैध कनेक्शन काटे गए, जिन्होंने सब्जी व खेती मे कनेक्शन किए हुए थे। टीम ने आज सुबह पेयजल सप्लाई चलवाकर खुले नल चलाने वाले, भैंस नहलाने वाले, खुले नल पर कपड़े धोने वाले ग्रामीणों के घर-घर जाकर जागरूक किया। जो खुले नल चलने के कारण पानी बर्बाद कर रहें थे। खुले नलों पर टेप लगाकर पानी की बर्बादी को रोका गया। उन्हें समझाया कि ग्रामीण अपने स्तर पर पानी की बहुत 'यादा बर्बादी कर रहे हैं, जिससे पानी आगे नहीं पहुंच पाता। इस दोरान दर्जनों खाली प्लाटों में व सब्जी के लिए स्थाई रूप से लगाए पानी के कनेक्शन काटे गए। टीम द्वारा जागरूक करने के पश्चात जब खुले नल बंद किए गए तो जोन में आखिरी के घरों तक भी पानी पहुंच गया। टीम द्वारा आधे इंच से बड़े साइज के व डबल कनेक्शन वालों को नोटिस दिया गया।


जींद। लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते अधिकारी।


सीएम नायब सिंह सैनी से मिलते एमबीबीएस, बीडीएस विद्यार्थियों का प्रतिनिधि मंडल।

### मेडिकल कालेज के छात्रों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**उचाना।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित निवास पर हरियाणा प्रदेश के एमबीबीएस, बीडीएस विद्यार्थियों के शीर्ष नेतृत्व ने उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात में एमबीबीएस, बीडीएस इंटर्नस को मिलने वाले स्टाइफंड में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा हुई । मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत प्रभाव से अपने अधिकारियों को शिकायतों का निवारण करने का आदेश दिया। अधिकारियों की तरफ से फाइल के फाइनेंस मिनिस्ट्री में होने की जानकारी मिलते ही विद्यार्थी प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल के चंडीगढ़ स्थित निवास स्थान पर जाकर उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात में एमबीबीएस, बीडीएस इंटर्नस को मिलने वाले स्टाइफंड में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को स्टाइफंड में स्वास्थ्य विभाग की सिफारिशों के अनुसार वृद्धि का वायदा किया।

---

**जुलाना के विकास में नही छोड़ी जाएगी कोई कमी : डा सुरेंद्र**

# जुलाना की सड़कें 9.25 करोड़ से होंगी चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

कस्बे के आंतरिक रोड़ का 9 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से जीर्णोद्वार किया जाएगा। जुलाना के ब्राहमणवास गांव से लेकर सोनिया स्कूल तक एनएच 352 की हालत खस्ता बनी हुई है। काफी सालों से क्षेत्र के लोगों की मांग रही है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण किया जाए ताकि रोजाना हो रहे हादसों से छुटकारा मिल सके। सड़क पर काफी गहरे गड्ढे बने हुए हैं। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। ब्राहमणवास गांव के पास तो बरसात होते ही वाहन चालकों का निकलना दुभर हो जाता है। कई वाहन चालक तो हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। अब जल्द ही लोगों को परेशानी से छुटकारा मिलेगा क्योंकि सरकार ने सड़क के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जुलाना क्षेत्र के लोगों ने सड़क के निर्माण के लिए विधायक से लेकर मंत्रियों तक गुहार लगाई लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया था। सड़क के निर्माण की प्रक्रिया टेंडर तक ही सीमित रहा। क्षेत्र के लोगों को केवल आस्वासन ही हाथ लगा। सड़क का निर्माण कार्य नही हो पाया। कई बार टेंडर प्रक्रिया ही हो पाई। फिर टेंडर प्रक्रिया फेल होती रही।


जुलाना। जुलाना में सड़क की खस्ता हालत।

### हर वर्ग का समान विकास

भाजपा नेता डा सुरेंद्र लाठर ने कहा कि जुलाना हल्के में विकास कार्यों की कोई कमी नही रहने दी जाएगी। जींद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के सामने जुलाना की सड़क के निर्माण को लेकर शिकायत दी गई थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जल्द ही समाधान करते हुए सड़क के निर्माण की मंजूरी देते हुए 9 करोड़ 25 लाख रूपये मंजूर कर दिए और सड़क को फोर लेन बनाया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने गुलकनी गांव की रविदासिया चौपाल के निर्माण के लिए भी 13 लाख रूपये की मंजूरी दे दी है। भाजपा सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है।


जींद। एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण लेते हुए।

### एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जारी

**जीद।** 15 हरियाणा बटालियन के द्वारा चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद में चल रहे 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप के चौथे दिन एनसीसी ट्रेनिंग के अधिकारी मेजर जय भगवान दलाल ने ऑफिसर लाइक क्वालिटी, लेफ्टिनेंट आशा ढुल ने लीडरशिप, सेकंड ऑफिसर अजीत पाल ने आपदा प्रबंधन, फर्स्ट अफसर वीणा सैनी ने राष्ट्रीय एकता व थर्ड ऑफिसर विकास गुप्ता साइबर सिक्योरिटी पर अपने-अपने व्याख्यान दिए। इसके अलावा इंटर कंपनी पोस्टर मेकिंग व आर्टिकल राइटिंग कंपटीशन करवाया गया।

## खबर संक्षेप



**कैथल।** नॉन टीचिंग स्टाफ प्रतिनिधि विशाल गोयल को बधाई देते प्राध्यापक।

### विशाल गोयल बने नॉन टीचिंग स्टाफ प्रतिनिधि

**कैथल।** नई गवर्निंग बॉडी में दो टीचिंग स्टाफ प्रतिनिधियों के चुनाव की तरह ही एक नॉन टीचिंग स्टाफ प्रतिनिधि के लिए भी चुनाव हुए। प्रिंसिपल के पीए के पद पर तैनात विशाल गोयल को प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल और अन्य नॉन टीचिंग स्टाफ की मौजूदगी में सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। गवर्निंग बॉडी के सभी पदाधिकारियों, डॉ. गोयल, सभी नॉन टीचिंग स्टाफ और टीचिंग फैकल्टी ने विशाल गोयल को बधाई दी।



**सीवन।** पौधा रोपण करते समाज सेवी अभिषेक मेहता व अन्य।

### डेरा बाबा खेमा नाथ में किया पौधरोपण

**सीवन।** वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। यदि यह पेड़ पौधे न हों तो हमें न तो आक्सीजन मिले, न ही लकड़ी, न ही फल और न ही वातावरण संतुलित रहे। यदि हमारे पास पेड़ नहीं हैं, तो हमें इस दुनिया में जीवित रहना बहुत मुश्किल लगेगा। इसलिए हमें पेड़ों को बचाने के लिए लगातार काम करना चाहिए और अपनी भावी पीढ़ियों को एक बेहतर और हरियाली भरी दुनिया देने के लिए उनमें से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उपरोक्त विचार समाज सेवी अभिषेक मेहता ने सीवन में पौधा रोपण के दौरान उपस्थित लोगों से व्यक्त किए।

### दोस्त बताकर अज्ञात ने ठगे 1500 रुपये

**कैथल।** स्वयं को दोस्त बताकर अज्ञात आरोपी ने एक व्यक्ति से 1500 रुपये ठग लिए। गांव बरोट निवासी प्रीतम चंद ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 12 जून को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह उसका दोस्त बोल रहा है और उसे 1500 रुपये की जरूरत है। उसने आरोपी के दिए हुए नंबर पर 1500 रुपये ऑनलाइन भेज दिए।

### मारपीट-धमकी देने के मामले में चार पर केस

**कैथल।** मारपीट करने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव फरल निवासी गोपाल ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 22 जून को दोपहर के समय वह गांव पबनावा गया हुआ था। वहां पर आरोपी अंकित व तीन अन्य लडकों ने किसी नुकीली चीज व थप्पड़-मुक्कों से हमला कर उसे घायल कर दिया।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 16500 ठगे

**कैथल।** युवक की अश्लील वीडियो बनाकर और उसे वायरल करने की धमकी देकर अज्ञात आरोपियों ने 16 हजार 500 रुपये ठग लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## समाधान शिविर में आई 146 शिकायतें, 19 का मौके पर ही समाधान

# सभी अफसर आपसी तालमेल से कार्य कर शिकायतों का त्वरित समाधान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान करने के लिए समाधान शिविरों की शुरूआत की गई है। सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि जिला स्तर पर कोई भी शिकायत पेंडिंग न रहे। सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करते हुए आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

वीरवार को समाधान शिविर में 146 शिकायतें आई, जिनमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। अन्य शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। सभी शिकायतों पर डीसी प्रशांत पंवार व एसपी उपासना द्वारा सुनवाई की गई और संबंधित अधिकारियों को एक्शन लेते हुए समाधान करने के निर्देश दिए।

कैथल शहर में गत दिनों बालाजी कालोनी स्थित डेयरी संचालक व उसकी पत्नी पर हुए हमले के मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई करने पर पीड़ित के परिजनों एवं कालोनीवासियों ने समाधान शिविर के दौरान एसपी उपासना का धन्यवाद व्यक्त किया। वहीं समाधान शिविर में आई गांव मुंदड़ी निवासी हरदेवी की बीपीएल राशन कार्ड संबंधित शिकायत का मौके पर समाधान किया गया। इसी प्रकार नैना गांव के चंद्रभान की परिवार पहचान पत्र की समस्या का मौके पर समाधान किया गया। चंद्रभान ने बताया कि उसकी पीपीपी में ज्यादा आय दर्शाई हुई थी, समाधान शिविर में आने पर अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मेरी आय को दुरूस्त किया गया। सरकार द्वारा समाधान शिविर लगाकर लोगों को राहत देने का काम किया है। इस अवसर पर डीडीपीओ कंवर धमन, डीआरओ चंद्रमोहन, ईओ कुलदीप मलिक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।





**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार और एसपी उपासना लोगों की शिकायत सुनते तथा एसडीएम कृष्ण कुमार लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एक ही छत के नीचे किया जा रहा समस्याओं का समाधान : कृष्ण

- शिविर के दौरान आई 13 शिकायतें, 9 का किया मौके पर निदान

**गुहला-चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय खण्ड विकास खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी चीका में समाधान शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान 13 शिकायतें आईं। इनमें से 9 का मौके पर ही समाधान किया गया। एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करना है। सभी विभागों के अधिकारी हर रोज कार्य दिवस में उपमंडल सतरीय समाधान शिविर में सुबह 9 से 11 बजे तक शिकायतें सुनते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की समस्या है तो उस समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। एसडीएम कृष्ण कुमार ने लोगों से आह्वान किया कि उपमंडल का कोई भी नागरिक अपने अधिकारों से वंचित न रहें। चल रहे समाधान शिविरो का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाए। सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह हर आवेदन, शिकायत को पूरी गंभीरता से सुने और निवारण करें। समाधान शिविर में सिंचाई विभाग से एसडीओ अजमेर सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ इंद्रराज पवार, बिजली विभाग से एसडीओ राहुल यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दस्त रोको अभियान चलाया जाएगा 1 जुलाई सेः सीएमओ

- घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट वितरित किए जाएंगे : डॉ. चावला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि डायरिया से होने वाले शिशु मृत्यु की रोकथाम एंव नियत्रंण के लिए जिला कैथल में दस्त रोको अभियान 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिला कैथल में आशा वर्कर तथा एएनएम, द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट वितरित किए जाएंगे। बच्चों के अभिभावको को ओ.आर.एस. तथा जिंक के प्रयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि डायरिया होने की स्थिति में तुरन्त ओ.आर.एस. पैकेट प्रयोग हो सके। जिन बच्चों में डायरिया के लक्षण पाए जाएंगे, उन्हें जिंक उपलब्ध करवाया जायेगा। इसके अतिरिक्त सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओआरटी कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमें सभी स्कूलों में जा कर हाथ धोने की विधि को विस्तारपूर्वक बताया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने सभी जिलावासियों से अपील की गई कि अपने बच्चों को डायरिया होने की स्थिति में ओ. आर. एस. तथा जिंक देने के साथ साथ अधिक से अधिक तरल पदार्थ दे तथा गंभीर डायरिया होने की स्थिति में बच्चों को तुरन्त हस्पताल में दाखिल करवायें ताकि बच्चों को इस जानलेवा बीमारी से बचाया जा सके। इसके अतिरिक्त हमेशा स्वच्छ व ताजा फल-सब्जियां उपयोग में लायें।

#### ये उपाय अपनाएं

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नवराज सिंह ने बताया कि डायरिया के संक्रमण से अपने बच्चों को बचाने के लिये इन उपायों को जरूर अपनाएं। अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छे से धोएं, पीने का पानी साफ एंव सुरक्षित उपयोग करें, यह सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे के आस-पास हमेशा सफाई रहे, हमेशा शौचालय का इस्तेमाल करें, पहले छह महीनों तक केवल स्तनपान, पूर्ण आहार एव पर्याप्त पोषण। उन्होंने कहा कि स्तनपान न करना, बार बार पतले गल के कारण गंभीर निर्जलीकरण, मल में खून, बुखार होना या ठंडा लगना, हथेलियों और तलवे पीले होना, सब कुछ उल्टी कर देना, अधिक बुखार होना, तेजी से सांस लेना / सांस लेने में कठिनाई होना, सुस्ती या बेहोशी व दौरे जैसे लक्षण होने की स्थिति में तुरन्त डाक्टर से संपर्क करें।

### बाबा ऋषि नाथ की कुटिया में भंडारा 30 को

**राजौंद।** नगर के असंध रोड से पुरानी अनाज मंडी में स्थित बाबा ऋषि नाथ की कुटिया में सिद्ध योगी बाबा ऋषि नाथ की पुण्य तिथि पर 30 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बाबा मुकेश नाथ ने बताया कि सुबह विधिवत रूप से पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज भी सच्चे मन से ध्यान करके मांगी गई मुराद को बाबा जी अवश्य ही पूरा करते है। बाबा ऋषि नाथ के स्थान से अब तक कई लोग मन्नतें मांगकर अपना जीवन सुधार चुके है। हर वर्ष लगने वाले इस भंडारे में पूरे नगर खेड़े का भरपूर सहयोग मिलता है। लोगों के सहयोग के साथ ही इस भंडारे में सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करते है। इस दौरान पप्पू, महीपाल, पाला, अजीत कुमार मिस्त्री मनजीत उर्फ काली सहित कई सेवादार मौजूद रहे।

## पदक विजेता मनीषा का कैथल पहुंचने पर किया भव्य स्वागत

- ब्रिक्स गेम्स मे सिल्वर मेडल जीतकर जिले व देश का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

मनीषा का कैथल पहुंचने पर आरकेएसडी खेल मैदान मे जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि मनीषा ने रसिया मे आयोजित ब्रिक्स गेम्स मे सिल्वर मेडल जीतकर कैथल और देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जून को आयोजित हुई।

मनीषा को इस जीत पर कैथल वासियों ने मनीषा को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मनीषा ने अपनी जीत का श्रेय कोच राजेंद्र सिंह, कोच गुरमीत सिंह, कोच विक्रम ढुल को दिया। मनीषा का कैथल पहुंचने पर डीएसओ देवेंद्र ने बुका देकर उसका स्वागत किया और भविष्य मे ओलम्पिक मे मेडल के लिए शुभ कामना दी। इस अवसर पर प्रशांत, सुनील, महेंद्र, विक्रम, राजेश, रणधीर, बूटा सिंह, डीपी गुरदीप भोला व दीपक मौजूद रहे।



**कैथल।** पदक विजेता मनीषा का स्वागत करते खिलाड़ी व कोच।

## आरकेएसडी कालेज में पंजीकरण जोरों पर, स्नातक के 4000 आवेदन पहुंचे

- विद्यार्थी विज्ञान धाराओं के पाठ्यक्रम लेने के लिए काफी उत्सुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज कैथल में पंजीकरण प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। बहुत से विद्यार्थी इस शैक्षणिक सत्र से कॉलेज में शुरू होने वाले नए ऑनर्स पाठ्यक्रमों के बारे में पूछताछ करने आ रहे हैं। साथ ही, कॉलेज में उपलब्ध सभी विज्ञान पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा दिखाई गई रुचि इतनी उल्लेखनीय है कि 12वीं की परीक्षा में कला पृष्ठभूमि से आने वाले बहुत से विद्यार्थी विज्ञान धाराओं के पाठ्यक्रम लेने के लिए काफी उत्सुक हैं। लेकिन एक सामान्य नियम के तहत कला धाराओं से संबंधित विद्यार्थी विज्ञान पाठ्यक्रमों में अपना पंजीकरण नहीं करा सकते हैं। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा पंजीकरण तिथि बढ़ाए जाने के बाद, जो विद्यार्थी पहले दस्तावेजों की कमी के कारण पंजीकरण नहीं करा पाए थे, उन्हें अब पंजीकरण कराने का एक अच्छा अवसर मिला है। डॉ. गोयल ने पंजीकरण तिथि बढ़ाए जाने के इस कदम की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि पहली मेरिट सूची उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट और कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की जाएगी। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे उच्च शिक्षा विभाग से प्रवेश संबंधी संदेश के लिए नियमित रूप से अपने मोबाइल फोन की जांच करें और कॉलेज के फेसबुक पेज, वेबसाइट को भी देखें और दैनिक आधार पर समाचार पत्र देखें। अब तक हमें विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में लगभग 4000 पंजीकरण प्राप्त हुए हैं।



**कैथल।** आरकेएसडी कालेज में पंजीकरण में बैठे अधिकारी व आए विद्यार्थी।

## अब प्रदेश के लोग सरकार के झांसे में नहीं आएंगेः वालिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

इंडियन नेशनल लोकदल के कानूनी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शशीभूषण वालिया का कहना है कि देश में हुए लोकसभा चुनाव में वोट की चोट ने भाजपा के तानाशाही कुशासन पर अंकुश लगाने का काम किया है और अब भाजपा नेता अपनी जमीन खिसकती हुई देखकर प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए हर रोज लॉलीपॉप, झुनझुना लेकर हरियाणा की सजग व समझदार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबसे देश में भाजपा का 400 का नारा देश की जनता ने धराशाही कर दिया, तब से भाजपा के नेता हर रोज लोक लुभानी घोषणाएं करके जनता का



दोबारा मूर्ख बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा की 10 वर्षोंर् में भाजपा नेताओं को न तो प्रॉपर्टी आई.डी. का ध्यान आया और न ही क्रिमीलेयर का। बेरोजगारी को भी इतना बढ़ा दिया कि हरियाणा प्रदेश में आज बेरोजगारी चरम पर है। सरकार ने एडवर्टाइजमेंट के नाम पर हजारों करोड़ रुपए बेरोजगारों से इकट्ठे कर लिए और सभी के सभी मामले आज कोर्ट में विचाराधीन है। हाल ही में हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो फैसला आया है उसने तो सरकार के चेहरे को इतना बेनकाब कर दिया की सरकार के पास कोई जवाब नहीं बन रहा।

## भाजपा को चुनाव नजदीक आते ही जनता की समस्याएं सताने लगती हैं : कवंरपाल करोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा जनता के साथ लोकलुभावने वायदे करना शुरू कर देती है। करोड़ा अपने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवा रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की खासकर दूसरी पारी में पांच वर्ष के दौरान प्रदेश के अधिकतर वर्ग व्यापारी, कर्मचारी, किसान, मजदूर, पिछड़ा वर्ग हर कोई अपने अधिकार पाने के लिए सरकार के खिलाफ सड़कां पर ही रहा है। सरपंचों के अधिकार छीन लिए गए। गांव की सरकार कहे जाने वाले सरपंचों को भ्रष्टाचार सिद्ध करने की कोशिश की गई। किसानों ने काले कानून वापस करवाने के लिए अपनी शाहदत देनी पड़ी। कर्मचारियों को नौकरी बचाने के लिए सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़ा तो उन पर लाठियां भांजी गई। अब चुनाव आता देख सरकार हर वर्ग को खुश करने के लिए कागजी वायदे कर रही है। गत दिवस मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बिजली बिलों में राहत देने की बात कही है परंतु ये बात किसी से छुपी नहीं है कि इसी सरकार में बिजली बिलों में तरह-तरह के टैक्स लगाकर जनता पर बोझ डालने का काम भाजपा सरकार ने किया है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।



**पूंडरी।** ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाते कवंरपाल करोड़ा ।

- किसानों ने काले कानून वापस करवाने के लिए अपनी शाहदत देनी पड़ी

## तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

सीवन के पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल व प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण द्वारा किया गया। कार्यशाला में पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन व पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगथली के कुल 65 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन बी.आर.पी. सतीश जांगड़ा की देख रेख में किया गया। यह कार्यशाला आनलाइन तरीके से आयोजित की गई। कार्यशाला के पहले दिन पी.एम. श्री स्कूलों में नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। स्कूलों में पूर्ण रूप से नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षण और अधिगम को बेहतर बनाकर गुणात्मक शिक्षा हेतु परिचर्चा की गई। स्कूलों का स्वच्छ वातावरण हरा भरा व सुंदर बनाने के लिए भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा कार्यालय व बी.आर.सी. कार्यालय सीवन का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



**सीवन।** कन्या स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते अध्यापक

### गांव फरल के बड़े शिवालय में विदाई कार्यक्रम का आयोजन

# महंत रविगिरी को सितारगंज आश्रम की जिम्मेदारी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव फरल के बड़े शिवालय में एक विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर के संचालक रहे स्वामी रविगिरी जी के मंदिर में लगातार 13 वर्ष तक संचालन करने के उपरांत विदाई दी गई। स्वामी जी अब अपने निरंजनी अखाड़े के आश्रम सितारगंज (उतराखंड) में चले गए है। उस आश्रम के महंत के शरीर पुरा किए जाने के बाद अखाड़े द्वारा स्वामी रविगिरी जी को आश्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्रामीणों व मंदिर की प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के द्वारा मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर स्वामी जी को शाल से सम्मानित कर विधिवत रूप से विदाई दी गई। अब फरल बड़े शिवालय मंदिर की जिम्मेवारी स्वामी रविगिरी जी द्वारा ही नए महात्मा मनमोहन पुरी को सौंपी गई है। इस मौके पर सुरेश शास्त्री ने कहा कि स्वामी जी ने इस दौरान कई बच्चों को कर्मकांड, वेद-पुराणों की शिक्षा देकर उन्हें वेदपाठ बनाया। इसके अलावा हमेशा समाज के लोगों का भी मार्ग दर्शन किया। पूर्व सरपंच कुलदीप राणा ने कहा कि स्वामी जी ने इन 13 वर्षों में मंदिर का बहुत अच्छा विकास करवाया और हमेशा सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया है। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, सुखबीर राणा, जिला पार्षद मुनीश शर्मा, जयपाल शर्मा, रामकुमार मास्टर, करेशन राणा, अमित शर्मा, महेंद्र पाल शर्मा, सतपाल शर्मा, श्यामलाल शर्मा, धुलिया पंडित, विनोद शर्मा, सुधीर शर्मा, किरणपाल राणा, बीरसिंह राणा, रोहतास, शिवचरण, मंगलसिंह, युधवीर शर्मा, बिंदर शर्मा, विजय शर्मा, ईश्वर सिंह प्रजापत व काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।



**पूंडरी।** फरल विदाई समारोह में स्वामी रविगिरी को शाल भेंट करके सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

- लोगों ने स्वामी जी को शाल से सम्मानित कर विधिवत रूप से विदाई दी

## पुलिस ने नशा न करने के साथ-साथ पौधों का वितरण कर किया जागरूक

- नशे का सेवन किसी भी प्रकार से नहीं है हितकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही, मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा गांव सांघन, सजूमा, जाट धर्मशाला कैथल, सीवन, पोलड़, खरौदी, गुहला व चीका में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ उधम सिंह चौक चीका पर लोगों को पौधों का वितरण कर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों तथा आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है। नशा से आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक नुकसान भी होता है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है।



**कैथल।** पुलिस पौधे वितरित कर नशा न करने बारे जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन बढ़ी

**जींद।** हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। यह बढ़ी हुई पेंशन पहली जुलाई 2024 से लागू होगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं।

### छेडखानी व धमकी देने के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** चलती बस में किशोरी से छेडखानी करने व विरोध करने पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। चीका थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने अपनी शिकायत में बताया कि वह चीका में ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण ले रही है और रोजाना बस में घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आती-जाती है।

### भाजपा ओबीसी वर्ग की : ईसम साकरा

**पूंडरी।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईसम सिंह साकरा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ओ.बी.सी. वर्ग को आगे ले जाने का काम किया है, जो आज तक कभी किसी भी सरकार ने नहीं किया। हरियाणा में ओ.बी.सी. वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जो घोषणाओं का पिटारा खोला है।

### पिकअप ने बाइक को टक्कर मारी, केस

**कैथल।** गांव नरड़ में पिकअप गाड़ी चालक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अमरगढ़ गामड़ी निवासी कृष्ण ने तितरम थाना में शिकायत दी कि 25 जून को वह अपने किसी काम से मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव नरड़ गया था। वहां अज्ञात पिकअप गाड़ी चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। आरोपी गाड़ी चालक मौके से भाग गया।

### पॉलिटेक्निक में आज तक आवेदन कर सकेंगे

**नरवाना।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने राजकीय पॉलीटेक्नीक में तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियरिंग और लेटरल एंट्री स्कीम में दाखिले के लिए आवेदन की तारीख को बढा दिया है। तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढाकर 28 जून तक की गई है। विधार्थियों को ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।

### चोरों ने नकदी, गहने व अन्य सामान किया चोरी

**कैथल।** दो अलग-अलग जगहों से नकदी, गहने, बर्तन और सिलिंडर चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहेल मामले में ढांड निवासी राजेश शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि 30 मई से 24 जून के बीच अज्ञात आरोपी उनके घर से नकदी व जेवर चोरी कर लिए।

---

### आज भी भारत सोने की चिड़िया : राजेश गोयल

# लुप्त इतिहास और महापुरुषों के योगदान को उजागर करेगी हरियाणा साहित्य अकादमी : डॉ. कुलदीप

- हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा दिलाने का होगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** डॉ. कुलदीप अग्निहोत्री व अन्य दीप प्रज्जवलति करते हुए।

भारत के लुप्त इतिहास और महापुरुषों को उजागर करने के लिए हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी पूर्ण प्रयास करेगी। यह उद्गार अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप अग्निहोत्री ने अकादमी द्वारा चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रकट किए। जहां पर अकादमी के निदेशक डॉ.धर्मदेव विद्यार्थी के संयोजन में महाराजा दाहिर सेन सप्त सिंधु समारोह का समापन समारोह आयोजित किया गया। डॉ. कुलदीप अग्निहोत्री ने बताया कि यह उत्सव 21 जून से 27 जून तक आयोजित किया गया है, जिसका उद्घाटन 21 जून को हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के सभागार में बहुभाषी कवि सम्मेलन द्वारा किया गया था। डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि यह सारा प्रदेश सप्त सिंधु प्रदेश है, जिसे सात नदियों के द्वारा सींचा गया है। हमारा उद्देश्य इस प्रदेश की संस्कृति, सभ्यता और महापुरुषों के चरित्र को जन-जन तक पहुंचना है। समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजेश गोयल सचिव तकनीकी शिक्षा बोर्ड हरियाणा ने कहा कि भारत सोने की चिड़िया है, जिसका जीडीपी संसार में सदा सबसे 'यादा रहा है। भारत की आर्थिक तथा वैज्ञानिक उन्नति की प्रशंसा अनेक अंग्रेजों द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत विश्व का पहले नंबर का देश होगा। जिसके लिए हम सब को प्रयत्न करना है। इस कार्यक्रम को देश के महान कवि सारस्वत मोहन मनीषी ने वंदे मातरम् और भारत माता की जय के उद्घोषों एवं गीतों द्वारा आरंभ किया गया। उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास को जब गीतों के रूप में जनता के सामने रखा तो लोग भाव-विभोर होकर नाचने लगे तथा भारत मां की जय के नारे लगाने लगे। उनका गीत हंसना भी जरूरी है, रोना भी जरूरी है। जागना भी जरूरी है और सोना भी जरूरी है, पर तो सब लोग उनके स्वर में स्वर मिलाकर गीत गाने लगे। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि यदि अकादमी ऐसा कोई सिलेबस तैयार करेगी जिसमें महापुरुषों का गुणगान होगा तो विश्वविद्यालय उसे डिप्लोमा के रूप में प्रारंभ कर सकता है। उन्होंने अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी के प्रयासों की प्रशंसा की, जिनके प्रयास से इतना बड़ा कार्यक्रम विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें डीएवी संस्थाओं के सभी शिक्षकों और एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया। इस समारोह में डॉ. जगदीप द्वारा लिखित गीता का हरियाणवी अनुवाद का विमोचन किया गया।

**साहित्य को बढ़ावा दिया जाएगा**

समारोह के संयोजक और अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने घोषणा की कि अकादमी के तत्वावधान में हरियाणवी बोली को भाषा के रूप में स्थापित कर वैधानिक मान्यता दिलवाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए वे हरियाणा भर में घूमकर हरियाणवी लेखक और कवियों को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने सबका स्वागत करते हुए कहा कि अकादमी न केवल नए लेखकों को प्रोत्साहित करेगी अपितु हरियाणवी भाषा और हिंदी भाषा के विकास के लिए वे सभी कार्य करेगी जो करना संभव हो सकेगा। अकादमी के संस्कृति निदेशक डॉ. चितरंजन दास कौशल ने सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया। समारोह में हिंदी प्रेरक संस्था की प्रधान श्रीमती शकुंतला काजल, नरेश कुमार, ओम प्रकाश ,श्रीमती मंजू रेढ्ू, श्रीमती रश्मि विद्यार्थी, श्रीमती मंजू, सुरेश कुमार, धर्मपाल, अनिल ढींगरा, जगदीश पांचाल, वीरेंद्र लाठर आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

---

### बिजली समस्या को लेकर पहुंचे थे तीन गांवों के किसान

# सिंघाना पावर हाउस पर ग्रामीणों ने जड़ा ताला

- खफा ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों को निकाला पावरहाऊस से बाहर
- कार्यकारी अभियंता ने शैडयूल अनुसार बिजली देने का आश्वासन देकर खुलवाया ताला


**सफीदों।** तालाबंदी करते हुए किसान। फोटो :हरिभूमि




जानकारी देते हुए किसान।

- बिजली शेड्यल को लेकर भी किसान नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव सिंघाना स्थित 33केवीए पावर हाऊस पर तीन गांवों के किसानों ने बिजली समस्या को लेकर तालाबंदी कर दी। सुबह ही गांव सिंघाना, पाजू व छाप्पर के किसान पावरहाऊस पर पहुंचे और वहां बिजली कर्मचारियों को शैड्यूल पहले वाला करने की मांग की। जिस पर बिजली कर्मचारियों ने कहा कि उच्चाधिकारियों के जैसे आदेश है उसके अनुसार ही बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। उसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों को फोन मिलाए लेकिन कोई जवाब ना मिलने पर ग्रामीण भड़क गए। भड़के ग्रामीणों ने पावर हाऊस के कर्मचारियों को बाहर कर वहां पर ताला जड़ दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि उन्हें पहले चल रहे शेड्यूल के मुताबिक ही बिजली दी जाए। ग्रामीणों का कहना था कि यह पिछले कई दिनों से बिजली समस्या गहराई हुई है और वे अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। उनके गांवों में बिजली का शैड्यूल पहले सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक का था लेकिन पिछले दिन से इस शैड्यूल को बदलकर सांय चार बजे से रात 12 बजे तक का कर दिया गया है। बिजली विभाग द्वारा जारी किया गया यह शैड्यूल उन्हे माफिक नहीं है और उनकी खेती काफी प्रभावित हो गई है। हाल में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। धान की रोपाई करते वक्त पानी, मजदूरों व ट्रैक्टरों की आवश्यकता होती है। दिन में तो ये सारी चीजें उपलब्ध है लेकिन रात में ना मजदूर मिलते हैं और ना ही ट्रैक्टर। ऐसे में वे धान की रोपाई कैसे करें। बिजली समय पर ना मिल पाने के कारण उनकी धान की पनीरी सूखने के कगार पर पहुंच गई है। काफी किसानों ने तो महंगे ठेके पर जमीनें ली हुईं है। अगर उन्हे समय पर बिजली नहीं मिली तो वे आर्थिक रूप से मारे जाएंगे क्योंकि अगर जमीन में धान की रोपाई नहीं हुई तो वे जमीन का ठेका कहां से दे पाएंगे। किसानों का कहना था कि सरकार के आदेश है कि किसानों को खेतों में आठ से दस घंटे बिजली दी जाए लेकिन उन्हे अघोषित कट करके केवल छह घंटे ही बिजली दी जा रही है। बिजली निगम के कर्मचारी उनके शेड्यूल की बिजली कम करके और अघोषित कट लगाकर हैचरियों को बिजली उपलब्ध करवा रहे हैं। किसानों ने बताया कि वे दो दिन पहले भी अधिकारियों से मिले थे और उन्होंने शैड्यूल को बदलने की हामी भरी थी लेकिन धरातल पर वे वायदे हवा हवाई हो गए। उन्होंने आज भी अधिकारियों के पास फोन मिलाए थे लेकिन किसी भी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया और मजबूर होकर उन्हे यह तालाबंदी करनी पड़ी। किसानों ने बताया कि पिछले साल भी इस प्रकार का घटनाक्रम हुआ था और उन्हे धरना व प्रदर्शन करना पड़ा था और अबकि बार भी विभाग द्वारा वहीं हालात पैदा किए जा रहे हैं। किसानों ने साफ किया कि अगर उनका शैड्यूल ठीक नहीं किया गया तो उनका आंदोलन ओर अधिक गति पकड़ेगा। पावरहाऊस पर तालाबंदी की सूचना पाकर बिजली विभाग के एसडीओ अंकुश गर्ग व सदर थाना से सब इंस्पेक्टर दीपक मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहीं माने। उसके बाद जींद से विभाग के एक्सईएन विकास मलिक पावरहाऊस पर पहुंचे लेकिन सहमति नहीं बन पाई।

---

# एडवेंचर कैंप में जाएंगे विद्यार्थी

- नौवीं से 12वीं कक्षा के 50 लड़के व 50 लड़कियां शामिल होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से पांच दिवसीय समर एडवेंचर कैंप हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित होगा। इस कैंप में जिले के नौवीं से 12वीं कक्षा के 50 लड़के व 50 लड़कियां शामिल होंगी। लड़कों के साथ दो पुरुष अध्यापक व लड़कियों के साथ दो महिला अध्यापक भी जाएंगी।

जो भी विद्यार्थी कैंप में जाएंगे, उसके लिए अभिभावकों की सहमति व विद्यार्थी का मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र जरूरी है। जींद जिले के विद्यार्थियों व शिक्षकों को तीन जुलाई तक पंचकूला के सेक्टर 15 स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर रिपोर्टिंग करनी होगी। इसके बाद विद्यार्थी चार जुलाई से लेकर आठ जुलाई तक मनाली में आयोजित कैंप में भाग लेंगे। फिर नौ जुलाई को विद्यार्थी मनाली से वापसी के लिए रवाना होंगे। इस एडवेंचर कैंप में ट्रैकिंग, रॉक क्लाइबिंग, रैपेलिंग, स्टडी ऑफ कल्चर व हैरीटेज, नेचर, मनाली में लोकल साइट, कैंप फायर, योगा, मेडिटेशन, व्यक्तित्व विकास, रिपोर्ट राइटिंग, फोक डांस, रागिनी सहित अन्य गतिविधियां कराई जाएंगी। बतां दें कि जिले में 724 राजकीय स्कूल हैं, जिसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं।

**मनाली में लगेगा शिविर**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुभाष वर्मा ने कहा कि मनाली में समर एडवेंचर कैंप में 100 विद्यार्थियों को भेजा जा रहा है। इनमें 50 लड़कियां और 50 लड़के जाएंगे। इनके साथ दो पुरुष और दो महिला अध्यापक भी जाएंगे। कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएंगी। यह कैंप विद्यार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

---

# मांगों को लेकर कर्मियों ने दिया धरना, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

वीरवार को पब्लिक हेल्थ एसडीई के कार्यालय पर हरि. गर्व. पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने धरना दिया। धरने की अध्यक्षता ब्रांच पब्लिक हेल्थ जुलाना के प्रधान महावीर ने की। मंच संचालन जयवीर जुलानी ने किया। यह धरना उपमंडल अभियंता के तानाशाही व कर्मचारी विरोधी रवैया के खिलाफ दिया गया। इस मौके पर रा'य कमेटी से प्रधान राकेश लकड़ा, आजाद सिंह, विक्रम साहू, कमल सैनी, जिला जींद प्रधान संजीव, ब्लॉक जुलाना प्रधान संजय गिल, जुलाना से जोगिंदर, सचिन, प्रदीप, जींद से विष्णु शर्मा, बलराज, उचाना से धर्मबीर, गुरवदेव, नरवाना से भीम शर्मा, कुलदीप,अश्वनी, सेवा चहल, सफीदों से मंगतराम, जींद से रामनिवास, कृष्ण चहल, अमित गोयत, अनिल गोशमी, अनिल शर्मा, संदीप, संजीव, राकेश, जिला कैशियर विजेंद्र शर्मा मैकेनिकल वर्कर्स के बहादुर कर्मचारी साथी इस धरने में शामिल हुए।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, केस

**नरवाना।** गढी थाना पुलिस ने घर में चोरी करने के मामले में दो अभियुक्तों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमर व बिंदर वासी डिंडोली के रूप में हुई है। उप निरीक्षक राय सिहं ने बताया कि थाना गढी में गांव डिंडोली की रहने वाली मनीषा ने दी शिकायत में बताया कि वह 31 अप्रैल को अपने बच्चों के साथ रिश्तेदार के घर गई हुई थी उसने चार जून को घर आने के बाद देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला जो किसी अनजान व्यक्ति ने उसकी अलमारी से सोने के आभूषण चोरी कर लिए हैं जिसकी शिकायत पर थाना गढ़ी में मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेते आरोपियों को पकड़ा।

---

# 11 हजार को करवाएंगे गंगा स्नान

- गांव ईक्कस के बुजुगारें को गंगा स्नान के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


हरिद्वार के लिए बस को हरी झंडी दिखाते हुए बलजीत सिंह रेढ़ू

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं समाजसेवी बलजीत रेढ़ू ने सौ दिनों में 11 हजार लोगों को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान करवाने की अपनी मुहिम के तहत वीरवार को जींद के ईक्कस गांव से महिलाओं और बुजुगारें से भरी बस को हरिद्वार के लिए रवाना किया। बस को हरी झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना करते हुए बलजीत रेढ़ू ने कहा कि सौ दिनों में 11 हजार लोगों को गंगा स्नान करवाने का प्रण लेने की ताकत उन्हें गंगा मैया से ही मिली है। समाजसेवा उनके लिए सबसे पहले है। इसके अलावा भी वह दूसरे धार्मिक स्थलों की मुफ्त यात्रा करवाते रहेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने बलजीत रेढ़ू का उनकी समाजसेवा के लिए आभार जताया और कहा कि जिस तरह बलजीत रेढ़ू ने जींद के सभी 36 गांवों की बेटियों के लिए मुफ्त बस सेवा शहर के स्कूलों, कॉलेज और आईटीआई के लिए शुरू की है, उससे बेटियों को पढ़ाने में अभिभावकों को बहुत मदद मिली है। बस में सवार महिलाओं और बुजुगोंर् ने बलजीत रेढ़ू को आशीर्वाद दिया।

# बसों में गंगा स्नान को रवाना हुए श्रद्धालु

- कांग्रेस नेता रोहित दलाल ने नंदगढ़ से रवाना की 2 बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


**जुलाना।** गांव नंदगढ़ में गंगा स्नान के लिए बसों को रवाना करते कांग्रेस नेता रोहित दलाल।

जुलाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों को हरिद्वार में हर की पौड़ी पर गंगा स्नान करवाने की मुहिम लगातार जारी हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोहित दलाल ने नंदगढ़ गांवों से ग्रामीणों से भरी दो बसों को हरिद्वार के लिए रवाना किया। इन बसों में सवार करीब दो दर्जन ऐसी महिलाएं शामिल रहीं, जिनकी लंबे समय से गंगा स्नान करने की प्रबल इच्छा तो थी, लेकिन किन्हीं कारणों से वे हरिद्वार नहीं जा सकीं। कांग्रेस नेता रोहित दलाल द्वारा शुरू की गई निशुल्क गंगा स्नान व धार्मिक यात्रा की मुहिम से उन महिलाओं की इच्छा पूरी हुई हैं। इस दौरान बसों में सवार ग्रामीण महिलाओं व बुजुगोंर् के चेहरों पर खास खुशी नजर आ रही थी। कांग्रेस नेता रोहित दलाल ने कहा कि उनके लिए राजनीति से पहले जनसेवा हैं। जितना सामर्थ्य हैं, उसके अनुसार निस्वार्थ भाव से क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहे हैं। लोगों की इच्छा के अनुसार ही उन्होंने गंगा स्नान के लिए हरिद्वार व धार्मिक यात्रा सालासर बालाजी, खाटू श्याम इत्यादि धार्मिक स्थानों की निशुल्क यात्रा के लिए विशेष रूप से दो बसों का प्रबंध किया हैं। ये दोनों बसें जुलानाके सभी 72 गांवों में बारी- बारी से लोगों को धार्मिक यात्रा के लिए लेकर जाएंगी।

---

# पीएनबी ने दिया युवा व महिलाओं को फास्ट फूड का प्रशिक्षण

**जींद।** वीरवार को पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गांव कर्मगढ़ में चल रहे 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी का समापन हुआ। कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने भाग लिया व इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुखबीर सिंह दहिया ने प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षुओं को बताया कि आज के युग की महिलाएं हर क्षेत्र में काम करते हुए अपना भविष्य सुधार रही हैं। उन्हें जो प्रशिक्षण मिला है उसका लाभ उठाते हुए आप किसी भी क्षेत्र में काम करके आत्मनिर्भर बन सकती हैं। आप लोग विभिन्न प्रकार के काम व दुकानें कर सकते है। जो लोग आर्थिक रूप से अपना काम करने में असमर्थ हैं वह किसी भी स्कीम का लाभ उठा सकते है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

**शिविर** | 60 प्रतिशत विकलांगता पर भी पेंशन का प्रावधान : उपायुक्त

# समाधान शिविर में 227 शिकायतों में से 149 फैमिली आईडी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते उपायुक्त

रा'य सरकार के निर्देशों के अनुसार लगाए जा रहे समाधान शिविर में वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों से सम्बंधित 227 शिकायतें फरियादियों द्वारा रखी गई। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत बनकर आये हैं। खासकर उन लोगों के लिए जो अपनी पारिवारिक आईडी तैयार करवाने या उसमें सुधार करवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में निवेदकों द्वारा कुल 227 शिकायतें समाधान के लिए रखी, जिनमें से 149 फैमिली आईडी से संबंधित थीं। फैमिली आईडी के अलावा आवेदक वृद्धावस्था व दिव्यांगजन पेंशन,राशन कार्ड, बिजली सम्बंधित, गलियां व नालियाँ दुरुस्त करवाने, लाडली योजना,मकान मरम्मत, सिंचाई और जन स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग विभागों से संबंधित शिकायतों के साथ अधिकारियों के पास पहुंचे। चार पुलिस विभाग से कुछ पंचायती राज, राजस्व और अन्य विभागों से सम्बंधित थीं। आज जिला के अलग-अलग हिस्सों से फरियादी अपनी शिकायतें लेकर कार्यालय पहुंचे।

**शिविर मे समस्या के समाधान से मिली राहत**

*समाधान शिविर में पंहुचे गांव बुराडैहर के विजय सिंह द्वारा रखी गई उनकी फॅमिली आई डी मे आय कम करने की मांग पर संज्ञान लेते हुए डीसी द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गए, जिस पर तुरंत अमल हुआ और उनकी आय को जांच के बाद साथ के साथ ठीक कर दिया गया इस पर विजय सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए डीसी और अन्य अधिकारियों का आभार जताया। इसी प्रकार कुचराना कलां गांव के अजय कुमार का फॅमिली आई डी में पता गलत होने कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए।*

### सिंचाई विभाग को दिए निर्देश

गांव रुपगढ़ निवासी मेहर सिंह द्वारा रखी गई शिकायत में कहा कि उनके खेतों के पास से रजवाहा निकाला गया है, जिसके कारण उनके खेतों के लिए रास्ता बंद होने के कारण उनको आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। शिकायत पर गौर करते हुए डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को रजबाहा पर पुल आदि बनाकर उचित समाधान करने के निर्देश दिये।

### कब्जे की शिकायत

इसी प्रकार गांव खटकड़ निवासी बिमला देवी द्वारा शिकायत रखी गई कि उसके पति के देहांत हो गया है और उसकी कोई संतान भी नहीं है, उसके पति के हक की जमीन पर अन्य परिवार के सदस्यों द्वारा कब्जा किया हुआ है,ऐसे में उनकों आजिविका चलाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पडता है, उसने उसके पति के हक की जमीन दिलवाने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए । शिविर में गांव बरसाना के पवन कुमार ने दी शिकायत दी।